# राजकीय महाविद्यालय
# पाबौ
# पौड़ी गढ़वाल

# सन्देश



## नोडल अधिकारी की कलम से

भारतीय संस्कृति की धरोहर गंगा एवं इसकी सहायक नदियों की स्वच्छता एवं सरंक्षण हेतु भारत सरकार के इस अभियान में जनमानस की सहभागिता अपरिहॉय है। भारत सरकार के इस ध्वजवाहक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'नमामि गंगे' के अन्तर्गत सामाजिक एवं जन–जागरूकता कार्यक्रमों को महाविद्यालय पाबौ के द्वारा 2021 से पूर्ण सर्मपण एवं निष्ठा के साथ संचालन किया जा रहा है। महाविद्यालय ने इस कार्यक्रम को वृहद स्तर पर प्रचारित करने हेतु आस–पास के विभिन्न विद्यालयों को जोड़कर स्वच्छता जागरुकता रैली, स्चच्छता शपथ समारोह, गांव–गांव स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम, नुक्कड़–नाटक, चित्रकला प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान एवं नयार नदी के तटों की सफाई इत्यादि कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।

इसके साथ ही महाविद्यालय द्वारा सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर स्वच्छता कार्यक्रम, जन–जागरूकता कार्यक्रम, प्लास्टिक उन्मूलन कार्यक्रम, प्राकृतिक जल स्रोत सर्वंद्धन एवं जल सरंक्षण से सम्बन्धित विभिन्न गोष्ठियाँ, कार्यशाला एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन भी निरंतर किया जा रहा है।

महाविद्यालय परिसर को ग्रीन कैम्पस बनाने के लिये वृक्षारोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम सतत् गतिमान है। गंगा हमारी जीवनदायनी नदी ही नहीं अपितु सांस्कृतिक धरोहर भी है इस ध्येय के साथ महाविद्यालय द्वारा खुड्डेश्वरी मन्दिर परिसर में अधिक संख्या में स्थानीय लोगों एवं स्वयं सेविकों की सहभागिता के साथ गंगा आरती, नायर नदी घाट की सफाई एवं दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सभी क्षेत्रवासियों से मेरी यही अपील है कि हम सब मिलकर नदियों एवं जलधाराओं को स्वच्छ रखने का प्रयास करेंगे और सदैव इसकी निर्मलता एवं स्वच्छता को बनाये रखने के लिये कर्तव्यनिष्ठ रहेगें क्योंकि स्वच्छ जल है तो जीवन है।

**नोडल अधिकारी, नमामि गंगे**
**राजकीय महाविद्यालय पाबौ**
**(पौड़ी गढ़वाल)।**



# सन्देश

## प्राचार्य की कलम से

यह मेरे लिए गौरव का विषय है कि पतित पावनी गंगा के वैभव, सौन्दर्य और पावनता के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में 'नमामि गंगे' उपयोगी एवं प्रभावी कार्य कर रहा है और एक स्मारिका का प्रकाशन कर रहा है। गंगा मात्र एक नदी नहीं है अपितु वह भारतीय संस्कृति, सभ्यता और धर्म का प्रतीक है। आज के भौतिक आपाधापी के युग में गंगा को अविरल एवं स्वच्छ बनाये रखना किसी चुनौती से कम नहीं हैं। भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को एक ईकाई के रूप में संचालन करने का सुअवसर इस महाविद्यालय को वर्ष 2021 में प्राप्त हुआ है।

यह महाविद्यालय गंगा की सहायक नदी पश्चिमी नयार के तट पर स्थित है। नमांमि गंगे के (नोडल) डॉ0 मुकेश शाह के निर्देशन में प्राध्यापकों एवं क्षेत्रीय जनमानस के साथ नदी की स्वच्छता एवं अनाविलता के लिए उत्साह के साथ कई गतिविधियाँ संचालित किये जा रहे हैं। गंगाधिराज हिमालय एवं उसकी गोद में जीवनदायिनी नदी गंगा की महत्ता एवं स्वच्छता पर गोष्ठियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रकला, भाषण, निबन्ध आदि प्रतियोगिताएँ निरन्तर आयोजित की जा रही हैं, विद्यार्थियों के द्वारा भौतिक रूप से भी नदी के तट पर स्वच्छता एवं वृक्षारोपण जैसे कार्य किये जाते हैं, जिससे वे गंगा के प्रति सम्मान एवं अपने पर्यावरण को संरक्षित एवं जीवन बनाये रखने के लिए भी प्रेरित होते हैं। इस पत्रिका में इन सभी गतिविधियों के प्रकाशन से स्वयं सेवियों को प्रोत्साहन भी मिलेगा एवं उनमें इस पुनीत कार्य से जुड़ने का आत्मगौरव भी बढ़ेगा।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि स्मारिका के प्रकाषन से लोगों में गंगा नदी ही नहीं, अपनी क्षेत्रीय नदियों की महत्ता एवं उपयोगिता का भी भावबोध बढ़ेगा।

प्राचार्य<br>
राजकीय महाविद्यालय पाबौ<br>
(पौड़ी गढ़वाल)।

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

# हरेला पखवाड़ा (16 जुलाई)



- उत्तराखण्ड के लोकपर्व हरेला के अवसर पर नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित किये जा रहे हरेला पखवाड़े का राजकीय महाविद्यालय पाबौ द्वारा दिनांक 17 जुलाई, 2023 को शुभारम्भ किया गया।
- कार्यक्रम के तहत् राजकीय महाविद्यालय पाबो में छात्र – छात्राओं एवं प्राध्यापकों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उत्तराखण्ड के लोकपर्व हरेला के अवसर पर नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित किये जा रहें हरेला पखवाड़े के तहत् राज्य परियोजना प्रबन्ध ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखण्ड के तत्वाधान में राजकीय महाविद्यालय पाबौ द्वारा हरेला पखवाड़ा कार्यक्रम (दिनांक 16 जुलाई से 23 जुलाई 2023) का दिनांक 16 जुलाई, 2023 को शुभारम्भ किया गया।

हरेला पर्व, हरियाली एवं सुख–समृद्धि के प्रतीक का द्योतक है। यह पर्व श्रावण मास में मनाया जाता है। श्रावण मास, भगवान शंकर को समर्पित होने की वजह से इस पर्व का महत्व ओर भी बढ़ जाता है। यह नई ऋतु के आगमन सूचक भी है। उत्तराखण्ड के इस लोक पर्व में महाविद्यालय व निकटवर्ती क्षेत्रो में छात्र – छात्राओं एवं प्राध्यापकों द्वारा सभी के जीवन में सुख समृद्धि एवं हरियाली रहे, इन्हीं शुभकामनाओं के साथ वृक्षारोपण किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं ने उपस्थित होकर उत्साहपूर्वक कार्य करते हुए इस उत्सव को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

## दिनांक 16 जुलाई, 2023 को हरेला पखवाड़े के तहत् महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम












दिनांक 16 जुलाई, 2023 को हरेला पखवाड़े के तहत् महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम








नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

## दिनांक 16 जुलाई, 2023 को हरेला पखवाड़े के तहत् महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम









# दिनांक 16 जुलाई, 2023 को हरेला पखवाड़े के तहत् महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम









# हरेला पखवाड़ा (18 जुलाई)



- उत्तराखण्ड के लोकपर्व हरेला के अवसर पर नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित किये जा रहें हरेला पखवाड़े के तहत् राजकीय महाविद्यालय पाबौ द्वारा सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, पौड़ी गढ़वाल के कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, पौड़ी गढ़वाल द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण हेतु तेजपत्ता, अनार और सिल्वर के वृक्ष प्रदान कर वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया गया।

उत्तराखण्ड के लोकपर्व हरेला के अवसर पर नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित किये जा रहें हरेला पखवाड़े के तहत् राज्य परियोजना प्रबन्ध ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखण्ड के तत्वाधान मेंराजकीय महाविद्यालय पाबौ द्वारा हरेला पखवाड़ा कार्यक्रम (दिनांक 16 जुलाई से 23 जुलाई 2023) के तहत् दिनांक 19 जुलाई 2023 को प्राचार्य प्रो0 सत्य प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में अध्यनरत छात्र– छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों और सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, पौड़ी गढ़वाल के कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, पौड़ी गढ़वाल द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण हेतु तेजपत्ता, अनार और सिल्वर के वृक्ष प्रदान कर वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शर्मा द्वारा सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, पौड़ी गढ़वाल से आये कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुये सभी को प्रकृति को हरा–भरा रखने एवं पर्यावरण को संतुलित रखने हेतु वृक्षारोपण करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

इस कार्यक्रम में सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, पौड़ी गढ़वाल से आये वन आरक्षी कुमारी निकिता, श्री नीरज सिंह , श्री विरेन्द्र सिंह एवं रेंजर कनिष्ठ सहायक श्री दिनेश चौधरी, नमामि गंगे कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ0 मुकेश शाह एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## दिनांक 19 जुलाई, 2023 को हरेला पखवाड़े के तहत् महाविद्यालय में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम









## दिनांक 19 जुलाई, 2023 को हरेला पखवाड़े के तहत् महाविद्यालय में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम







# स्वच्छता ही सेवा




- 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत् दिनांक 20 सितंबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय पाबौ पौड़ी गढ़वाल स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।
- कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सत्य प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।
- रैली में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा स्वच्छता जन जागरूकता से संबंधित नारे लगाए गए।

राष्ट्रीय नदी गंगा एवं इसकी सहायक नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण में जनभागीदारी को बढ़ावा दिये के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप, नमामि गंगे, उत्तराखण्ड के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 15 सितम्बर, 2023 से 02 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित किये जा रहे ''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यक्रम के तहत् दिनांक 21 सितंबर 2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नई टिहरी में छात्र–छात्राओं के मध्य गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण पर चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं के शीर्षक क्रमशः प्रदूषण एवं गंगा संरक्षण तथा गंगा संरक्षण एवं संवर्धन रखे गए।

प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया तथा चित्रकला एवं स्लोगन के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जनमानस को जागरूक किया गया।

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता जागरूकता रैली निकालते हुए महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं व प्राध्यापक।






# 'एक लक्ष्य– जल संरक्षण' पर संगोष्ठी




- राजकीय महाविद्यालय पाबौ द्वारा दिनांक 16 फरवरी 2024 को 'जल संरक्षण' पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- महविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे0 सत्य प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में संगोष्ठी में पाबौ क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रवासियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।
- कार्यक्रम में जल संरक्षण के विषय की चुनौतियों से छात्रों को अवगत कराया गया।
- कार्यक्रम में जल संरक्षण के विशय पर छात्र–छात्राओं द्वारा भी अपने विचार प्रस्तुत किये गये।

राष्ट्रीय गंगा स्वच्छ मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखण्ड के तत्वाधान में राजकीय महाविद्यालय पाबौ द्वारा दिनांक 16 फरवरी 2024 को 'जल संरक्षण' पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

महविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे0 सत्य प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित विश्वस्तरीय सतत् विकास लक्ष्यों में से एक लक्ष्य 'जल संरक्षण' पर संगोष्ठी में पाबौ क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रवासियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण के विषय की चुनौतियों से छात्रों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम का आगाज भारतीय संस्कृति के अनुसार दीप–प्रज्ज्वलन, स्वागत गीत एवं अतिथियों के स्वागत के साथ आरंभ हुआ। नमामि गंगे कार्यक्रम के नोडल डॉ0 मुकेश शाह द्वारा राष्ट्रीय गंगा स्वच्छ मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखण्डजल संरक्षण थीम पर आधारित सरकार की विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा सभी छात्रों को अवगत कराया गया कि इस भू– भाग में जल की मात्रा सीमित मात्रा मे है तथा भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण करने की आवश्यकता है जिसके लिए पारिस्थितिकीतंत्र को संतुलित रखना होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि चिकित्सक एवं सांसद प्रतिनिधि डॉ0 नरेद्र सिंह रावत द्वारा छात्रों को स्वच्छ जल के महत्व, स्वास्थ्य पर प्रभाव, एवं रोगों के वारे में महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित द्वितीय

अतिथि पाबौ जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री गुलाब सिंह ने उत्तराखंड राज्य के पुराने नौलो एवं गदेरों की एतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में छात्रों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राध्यापकगणों डॉ0 गणेश चंद, डॉ0 तनूजा रावत, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 जय प्रकाश पंवार, डॉ0 सरिता ने भी उक्त विषय पर अपने–अपने विचार रखे तथा छात्रों कों जल सरंक्षण एवं संवर्धन हेतु नायर नदी की स्वच्छता, सतत विकास के लक्ष्यों के प्रति जागरूकता, नदी गदेरों की साफ–सफाई एवं स्वच्छ जल के सरंक्षण हेतु जागरूक करने पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम नोडल डॉ0 मुकेश शाह द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के द्वितीय सेमेस्टर की कुमारी स्नेहा भंडारी, कुमारी साक्षी रावत एवम् नीरज, चतुर्थ सेमेस्टर की कुमारी साक्षी, कुमारी शिवानी तथा बी0 ए0 तृतीय वर्ष की रचना ने भी जल सरंक्षण विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शर्मा जी द्वारा कहा गया कि तुलसीदास ने अपने ग्रन्थ में कहा कि पंच महाभूतों में जल का प्रमुख स्थान है और जल हमारी आर्थिक एवम् धार्मिक धरोहर है जिसे सरंक्षित रखना हमारा कर्तव्य भी है। अतः जल सरंक्षण लिए वृक्षारोपण, स्वच्छता, जल संचय एवं प्लास्टिक निवारण के लिए आवश्यक कदम उठाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा सभी छात्रों को नमामि गंगे की टी0 शर्ट एवं कैप भी वितरित की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण श्री महेश सिंह, श्री विजेंद्र, श्रीमती सोनी, अनुराधा तथा महाविद्यालय के 55 छात्र– छात्रायें भी उपस्थित रहें।

नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

## संगोष्ठी का शुभारम्भ दीप–प्रज्ज्वलन व स्वागत गीत साथ करते हुए









## जल संरक्षण के विषय की चुनौतियों से छात्रों को अवगत कराते हुए महाविद्यालय के प्राध्यापक व अतिथिगण









नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

## जल संरक्षण के विषय की चुनौतियों से छात्रों को अवगत कराते हुए महाविद्यालय के प्राध्यापक व अतिथिगण









## जल संरक्षण के विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं









## जल संरक्षण के विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं










## मीडिया कवरेज

### महाविद्यालय पाबौ में जल श्रोतों के संरक्षण हेतु स्थानीय जन -प्रतिनिधियों के साथ एक संगोष्ठी का आयोजन

बुलन्द वाणी संजय राजपूत



**पौड़ी गढ़वाल, पाबौ।** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय, राष्ट्रीय गंगा स्वच्छ मिशन एवं राज्य परियोजना प्रबंधन नमामि गंगे देहरादून के दिशानिर्देशों के अनुसार राजकीय महाविद्यालय पाबौ में आज दिनांक 16 फरवरी 2024 को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० सत्य प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में पाबौ क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रवासियों के साथ विश्वस्तरीय सतत विकास लक्ष्यों में से एक लक्ष्य छ जल संरक्षण ( एस॰डी॰जी॰ ) पर संगोष्ठी कर उक्त विषय की चुनौतियों से छात्रों को अवगत कराया गया क कार्यक्रम का आगाज भारतीय संस्कृति के अनुसार दीप छ प्रज्वलन, स्वागत गीत एवं अतिथियों के स्वागत के साथ आरंभ हुआ क नमामि गंगे कार्यक्रम के नोडल डॉ० मुकेश शाह द्वारा भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय, राष्ट्रीय गंगा स्वच्छ मिशन एवं राज्य परियोजना, नमामि गंगे देहरादून के अनुपालन में जल संरक्षण ( एस॰डी॰जी॰ ) थीम पर आधारित सरकार की विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा सभी छात्रों को अवगत कराया गया कि इस भू- भाग में जल की मात्रा सीमित मात्रा मे है तथा भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण करने की आवश्यकता है जिसके लिए पारिस्थितिकीतंत्र को संतुलित रखना होगा क इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि चिकित्सक एवं सांसद प्रतिनिधि डॉ० नरेंद्र सिंह रावत द्वारा छात्रों को स्वच्छ जल के महत्व, स्वास्थ्य पर प्रभाव, एवं रोगों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया क कार्यक्रम में आमंत्रित द्वितीय अतिथि पाबौ जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री गुलाब सिंह ने उत्तराखंड राज्य के पुराने नौलों एवं गदेरों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में छात्रों को जानकारी प्रदान की क कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राध्यापकगणों डॉ० गणेश चंद, डॉ० तनूजा रावत, डॉ० सुनीता चौहान, डॉ० जय प्रकाश पंवार, डॉ० सरिता ने भी उक्त विषय पर अपने छ अपने विचार रखे तथा छात्रों को जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु नायर नदी की स्वच्छता, सतत विकास के लक्ष्यों के प्रति जागरूकता, नदी गदेरों की साफ छ सफाई एवं स्वच्छ जल के संरक्षण हेतु जागरूक करने पर प्रकाश डाला क कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम नोडल डॉ० मुकेश शाह द्वारा किया गया क इस अवसर पर महाविद्यालय के द्वितीय सेमेस्टर की कुमारी स्नेहा भंडारी, कुमारी साक्षी रावत एवं नीरज, चतुर्थ सेमेस्टर की कुमारी साक्षी, कुमारी शिवानी तथा बी० ए० तृतीय वर्ष की रचना ने भी जल संरक्षण विषय पर अपने विचार रखे क कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे० शर्मा जी द्वारा कहा गया कि तुलसीदास ने अपने ग्रन्थ में कहा कि पंच महाभूतों में जल का प्रमुख स्थान है और जल हमारी आर्थिक एवं धार्मिक धरोहर है जिसे सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य भी है क अतः जल संरक्षण लिए वृक्षारोपण, स्वच्छता, जल संचय एवं प्लास्टिक निवारण के लिए आवश्यक कदम उठाने हेतु प्रोत्साहित किया गया क इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा सभी छात्रों को नमामि गंगे की टी० शर्ट एवं कैप भी वितरित की गई क कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण श्री महेश सिंह, श्री विजेंद्र,श्रीमती सोनी, अनुराधा तथा महाविद्यालय के 55 छात्र-छात्राये भी उपस्थित रहें।

# स्वच्छता पखवाड़ा (योग व ध्यान 16 मार्च, 2024)




- 'गंगा स्वच्छता पखवाडा' कार्यक्रम के तहत् राजकीय महाविद्यालय, पाबौ, पौड़ी द्वारा दिनांक 18 मार्ग 2024 को योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं, प्राध्यापक–प्राध्यापिका, अध्यापक एवं अतिथियों को योग के विभिन्न आसानों से प्रत्यक्ष करते
- हुये योगाभ्यास कराया गया।

  कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो0 शर्माजी द्वारा गंगा एवं इसकी सहायक नदियों के प्रचानीतम तथ्यों से अवगत करते हुए ध्यान एवं योग के मानव जीवन में योगदान पर प्रकाश डाला गया।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखण्ड के तत्वाधान में गंगा एवं इसकी सहायक नदियों की स्वच्छता एव संरक्षण के प्रति जनमानस में व्यापक जागरूकता के दृष्टिगत आयोजित किये जा रहे 'गंगा स्वच्छता पखवाडा' कार्यक्रम के तहत् राजकीय महाविद्यालय, पाबौ पौड़ी गढ़वाल के नवीन भवन में 18 मार्ग 2024 को प्राचार्य एवं सरंक्षक प्रो0सत्य प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में सम्मानित अतिथियों प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं के साथ योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अतिथिगण राजकीय इंटर कॉलेज जगतेश्वर के प्राधानाचार्य श्री नरेन्द्र सिंह नेगी, अटल आदर्श इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री अमित कठैत, अमर उजाला के पत्रकार श्रीम नोहर बिष्ट, राजकीय व्यवसायिक महाविद्यालय बनास पैठाणी से देवभमि उद्यमिता योजना के नोडल डॉ0 गौरव जोशी, राजकीय इंटर कॉलेज जगतेश्वर से योग अध्यापक श्री सुनील पन्त, पौड़ी से आर्ट ऑफ़ लिविंग से ट्रेनर श्रीमती प्रेमिला रावत

एवं शिक्षक–अभिभावक संघ के अध्यक्ष श्री मकान सिंह के सहभागिता से कार्यक्रम को सुशोभित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वागत गीत अतिथियों को बैज अलंकरण व नमामि गंगे जूट बैग प्रदान कर किया गया। द्वितीय कार्यक्रम में योग अध्यापक एवं ट्रेनर श्री सुनील पन्तजी द्वारा कक्ष में उपस्थित छात्र–छात्राओं, प्राध्यापक–प्राध्यापिका, अध्यापक एवं अतिथियों को योग के विभिन्नआ सानों को प्रत्यक्ष करते हुये योगाभ्यास कराया गया, जिससे पूरा वातावरण योग में लीन हो गया। पौड़ी से आर्ट ऑफ़ लिविंग की ट्रेनर श्रीमती प्रमिला रावत ने जीवन को तनाव मुक्त एवं स्वस्थ रखने हेतु 1 मिनट का ध्यान अभ्यास कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो0 शर्माजी द्वारा गंगा एवं इसकी सहायक नदियों के प्रचानीतम तथ्यों से अवगत करते हुए ध्यान एवं योग के हमारे जीवन में योगदान पर प्रकाश डाला तथा छात्र–छात्राओं को गोष्ठी में आंमत्रित अतिथियों के सुविचारों पर मनन करने के लिए मार्ग दर्शन दिया। कार्यक्रम समापन महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ0 सुनीता चौहान ने किया तथा अपने उद्बोधन में छात्र–छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने की अपील भी की। अतं में कार्यक्रम के नोडल डॉ0 शाह द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## योग एवं ध्यान कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्राध्यापकगण व अतिथिगण












सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

## योग एवं ध्यान कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्राध्यापकगण व अतिथिगण











योग अध्यापक एवं ट्रेनर श्री सुनील पन्त जी छात्र–छात्राओं, प्राध्यापक–प्राध्यापिका, अध्यापक एवं अतिथियों को योगाभ्यास कराते हुए







## गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण की शपथ ग्रहण करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्रतिभागी







## गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण की शपथ ग्रहण करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्रतिभागी




## मीडिया कवरेज



### महाविद्यालय पाबौ में नमामि गंगे के स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के अंतगर्त विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृखंलाओं का आयोजन

बुलन्द वाणी संजय राजपूत

**पौड़ी गढ़वाल, पाबौ।** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय, राष्ट्रीय गंगा स्वच्छ मिशन एवम् राज्य परियोजना प्रबंधन नमामि गंगे देहरादून के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा -2024 के तहत राजकीय महाविद्यालय पाबौ के नवनिर्मित भवन में 18 मार्च 2024 को महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो० सत्य प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में सम्मानित अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवम् छात्र- छात्राओं के साथ स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया क उक्त कार्यक्रम में अतिथिगणों में राजकीय इंटर कॉलेज जगतेश्वर के प्रधानाचार्य श्री नरेन्द्र सिंह नेगी, अटल आदर्श इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री अमित कठैत, अमर उजाला के पत्रकार श्री मनोहर बिष्ट, राजकीय व्यवसायिक महाविद्यालय बनास पैठाणी से देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल डॉ० गौरव जोशी, राजकीय इंटर कॉलेज जगतेश्वर से योग अध्यापक श्री सुनील पन्त, पौड़ी से आर्ट ऑफ लिविंग की ट्रेनर श्रीमती प्रमिला रावत एवं शिक्षक- अभिभावक संघ के अध्यक्ष श्री मकान सिंह के सहभागिता से कार्यक्रम को सुशोभित किया क कार्यक्रम का सुभारम्भ स्वागत गीत तथा अतिथियों का बैच अलंकरण एवं नमामि गंगे के जूट के बैग प्रदान कर किया गया क कार्यक्रम के प्रथम कार्यक्रम गोष्ठी में गंगा की उपादेयता एवं अर्थ गंगा का महत्व शीर्षक पर आमंत्रित सम्मानित अतिथिगणों में मुख्य अतिथि अमर उजाला पत्रकार श्री मनोहर बिष्ट ने गंगा की पवित्रता और धार्मिक पक्ष को रखते हुये छात्रों को स्वच्छता एवं साफ इ सफाई के लिए अपने विचार रखें क राजकीय इंटर कॉलेज जगतेश्वर के प्रधानाचार्य श्री नरेन्द्र सिंह नेगी ने जलवायु परिवर्तन, वैश्विक तापमान, जैव इविविधता जैसे ज्वलंत विषयों पर छात्र इ छात्राओं का मार्गदर्शन किया क आर्ट ऑफ लिविंग के ट्रेनर श्रीमती प्रमिला रावत ने ध्यान एवं एकाग्रता के विभिन मुद्राओं का प्रस्तुतीकरण कर छात्र इछात्राओं को अभ्यास कराया गया क राजकीय व्यवसायिक महाविद्यालय बनास पैठाणी के देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल डॉ० गौरव जोशी ने गंगा बेसिन के आस इ पास क्षेत्र में रोजगार के साधनों के संभावनाओं के बारे में जानकारी दीक नमामि गंगे कार्यक्रम के नोडल डॉ० मुकेश शाह द्वारा उक्त विषय के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की तथा पाबौ की नयार नदी के आर्थिक महत्वा का उल्लेख करते हुये कपड़े या जूट बैग का उपयोग करने, कूड़ा करकट एवं पूजा सामग्री नदी में नहीं प्रवाहित करने तथा अपने आस-पास फलदार पेड़इपौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया क महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो० शर्मा जी द्वारा गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के प्राचीनतम तथ्यों से अवगत करते हुये ध्यान एवं योग के हमारे जीवन में योगदान पर प्रकाश डाला तथा छात्रइछात्राओं को गोष्ठी में आमंत्रित अतिथियों के सुविचार पर मनन करने के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ० सुनीता चौहान ने किया तथा अपने उदबोधन में छात्र इ छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने की अपील भी की। द्वितीय कार्यक्रम में योग अध्यापक एवं ट्रेनर श्री सुनील पन्त जी द्वारा कक्ष में उपस्थित छात्र इ छात्राओं, प्राध्यापक इ प्राध्यपिका , अध्यापक एवं अतिथियों को योग के विभिन्न आसनों को प्रत्यक्ष करते हुये योगाभ्यास कराया गया जिससे पूरा वातावरण योग में लीन हो गया क अंत में कार्यक्रम के नोडल डॉ० शाह द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ० गणेश चंद, डॉ० तनूजा रावत, डॉ० सौरभ सिंह, डॉ० जय प्रकाश पंवार, डॉ० सरिता एवम् कर्मचारीयों में श्री महेश सिंह, श्री विजेंद्र,श्रीमती सोनी, अनुराधा, अटल आदर्श इंटर कॉलेज पाबौ के अध्यापकगण, शिक्षक- अभिभावक संघ के सदस्य तथा महाविद्यालय के लगभग 80 छात्र- छात्राऐं उपस्थित रहेक



न्यूज डायरी

### 'गंगा की निर्मलता के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी'

**पाबौ।** राजकीय महाविद्यालय पाबौ में नमामि गंगे के स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य प्रो. सत्य प्रकाश शर्मा ने कहा कि गंगा की अविरलता व निर्मलता के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। मुख्य अतिथि मनोहर बिष्ट ने कहा कि गंगा ही नहीं बल्कि उसकी सहायक नदियों को प्रदूषण से बचाने के लिए मिलकर काम करना होगा। डॉ. मुकेश शाह ने अर्थ गंगा के महत्व पर जानकारी दी। आर्ट ऑफ़ लिविंग की जिला समन्वयक प्रमिला रावत ने योग में ध्यान क्रिया का अभ्यास कराया। योग प्रशिक्षक सुनील पंत ने योग, ध्यान से तनाव को दूर करने के तरीके बताए। संचालन डॉ. सुनीता चौहान ने किया। संवाद

# स्वच्छता पखवाड़ा (स्वच्छता एवं जन–जागरूकता अभियान)




- 'गंगा स्वच्छता पखवाडा' कार्यक्रम के तहत् राजकीय महाविद्यालय, पाबौ पौड़ी द्वारा चतुर्थ दिवस पर महाविद्यालय के परिसर में छात्र– छात्राओं द्वारा स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- कार्यक्रम में प्लास्टिक, कूड़ा–करकट का एकत्रीकरण कर निष्पादन कार्य किया गया तथा छात्रों द्वारा पेड़–पौधों का सरंक्षण भी किया गया।
- कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो0 शर्मा जी द्वारा छात्र–छात्राओं को स्वच्छता अभियान/श्रमदान जैसे अभ्यास को निरंतर अपने कार्य शैली में अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखण्ड के तत्वाधान में गंगा एवं इसकी सहायक नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जनमानस में व्यापक जागरूकता के दृष्टिगत आयोजित किये जा रहें 'गंगा स्वच्छता पखवाडा' कार्यक्रम के तहत् राजकीय महाविद्यालय, पाबौ पौड़ी गढ़वाल द्वारा चतुर्थ दिवस पर महाविद्यालय के परिसर में छात्र– छात्राओं द्वारा स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्लास्टिक, कूड़ा–करकट का एकत्रीकरण कर निष्पादन कार्य किया गया तथा छात्रों द्वारा पैड पौधों का सरंक्षण भी किया गया। इस अवसर पर महविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 सत्य प्रकाश शर्मा जी द्वारा सभी छात्रों से कहा गया कि वह इस अभ्यास को निरंतर अपने कार्यशैली में अपनायें और अन्य लोगो

को भी जागरूक करें, तभी यह अभियान सार्थक सिद्ध  हो सकता है जिससे हमारी जीवनदायिनी माँ गंगा और उसकी सहायक नदियों भी शुद्ध और निर्मल होगी और पर्यावरण संतुलित होगा। कार्यक्रम के नोडल डॉ0 मुकेश शाह द्वारा छात्रों को इस अभियान से सतत जुड़ने और सक्रिय भागीदारी निर्वहन करने से अवगत कराया एवं महाविद्यालय परिसर को ग्रीन कैंपस, वृक्षारोपण कार्यों में अपना योगदान देने के लिए भी प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 गणेश चंद, डॉ0 तनूजा रावत, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 जय प्रकाश पंवार, डॉ0 सरिता ने भी स्वच्छता कार्यक्रम, वृक्षारोपण, जल सरंक्षण एवं नयार नदी की तटों की साफ–सफाई के उपयोगिता के बारे में छात्र–छात्राओं को अवगत कराया तथा कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 गणेश चंद, डॉ0 तनूजा रावत, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 जय प्रकाश पंवार, डॉ0 सरिता एवम् कर्मचारीयों में श्री महेश सिंह, श्री विजेंद्र, श्रीमती सोनी, अनुराधा, तथा महाविद्यालय के लगभग 32 छात्र– छात्रायें उपस्थित रहें।

## स्वच्छता व जागरूकता अभियान चलाते हुए महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं








नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

# मीडिया कवरेज

अमर उजाला, 22 मार्च 2024

## छात्रों ने स्वच्छता अभियान चलाया

पाबौ। राजकीय महाविद्यालय पाबौ में राष्ट्रीय गंगा स्वच्छता मिशन व नमामि गंगे के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इसके तहत छात्र-छात्राओं ने परिसर व आसपास के क्षेत्र में फैले कूड़े को एकत्रित किया। प्राचार्य प्रो. सत्य प्रकाश शर्मा व कार्यक्रम के नोडल डॉ. मुकेश शाह ने छात्रों को अपने आसपास गांव व घरों में स्वच्छता पर विशेष जोर देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जीवनदायिनी नदियों के साथ ही गाड़ गदेरों को कचरा मुक्त कर उन्हें निर्मल बनाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने परिसर को ग्रीन कैंपस के रूप में बदलने के लिए छात्रों को एकजुट होने का आह्वान किया। इस मौके डॉ. गणेश चंद, डॉ. तनुजा रावत, डॉ. सुनीता चौहान, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. जय प्रकाश पंवार आदि शामिल रहे। संवाद

## स्वच्छता पखवाड़ा के चतुर्थ दिवस पर राजकीय महाविद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द वाणी संजय राजपूत



**पौड़ी गढ़वाल, पाबौ।** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय, राष्ट्रीय गंगा स्वच्छ मिशन एवं राज्य परियोजना प्रबंधन नमामि गंगे देहरादून के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा -2024 के तहत राजकीय महाविद्यालय पाबौ में स्वच्छता पखवाड़ा के चतुर्थ दिवस पर महाविद्यालय के परिसर में छात्र- छात्राओं द्वारा साफ व सफाई एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत प्लास्टिक, कूड़ा व करकट का एकत्रीकरण कर निष्पादन कार्य किया गया तथा छात्रों द्वारा पेड़ पौधों का संरक्षण भी किया गया क इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 सत्य प्रकाश शर्मा जी द्वारा सभी छात्रों से कहा गया कि वह इस अभ्यास को निरंतर अपने कार्यशैली में अपनायें और अन्य लोगों को भी जागरूक करें, तभी यह अभियान सार्थक सिद्ध हो सकता है जिससे हमारी जीवनदायिनी माँ गंगा और उसकी सहायक नदियॉं भी शुद्ध और निर्मल होगी और पर्यावरण संतुलित होगा क कार्यक्रम के नोडल डॉ0 मुकेश शाह द्वारा छात्रों को इस अभियान से सतत जुड़ने और सक्रिय भागीदारी निर्वहन करने से अवगत कराया एवं महाविद्यालय परिसर को ग्रीन कैंपस, वृक्षारोपण कार्यों में अपना योगदान देने के लिए भी प्रोत्साहित किया क कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 गणेश चंद, डॉ0 तनुजा रावत, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 जय प्रकाश पंवार, डॉ0 सरिता ने भी स्वच्छता कार्यक्रम, वृक्षारोपण, जल संरक्षण एवं नयार नदी को तटों की साफ-सफाई के उपयोगिता के बारे में छात्र व छात्राओं को अवगत कराया तथा कार्यक्रम मे अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 गणेश चंद, डॉ0 तनुजा रावत, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 जय प्रकाश पंवार, डॉ0 सरिता एक कर्मचारियों में श्री महेश सिंह, श्री विजेंद्र,श्रीमती सोनी, अनुराधा, तथा महाविद्यालय के लगभग 32 छात्र- छात्रायें उपस्थित रहें ककार के जल शक्ति मंत्रालय, राष्ट्रीय गंगा स्वच्छ मिशन एवं राज्य परियोजना प्रबंधन नमामि गंगे देहरादून के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा - 2024 के तहत राजकीय महाविद्यालय पाबौ में स्वच्छता पखवाड़ा के चतुर्थ दिवस पर महाविद्यालय के परिसर में छात्र- छात्राओं द्वारा साफ व सफाई एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत प्लास्टिक, कूड़ा व करकट का एकत्रीकरण कर निष्पादन कार्य किया गया तथा छात्रों द्वारा पेड़ पौधों का संरक्षण भी किया गया क इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 सत्य प्रकाश शर्मा जी द्वारा सभी छात्रों से कहा गया कि वह इस अभ्यास को निरंतर अपने कार्यशैली में अपनायें और अन्य लोगों को भी जागरूक करें, तभी यह अभियान सार्थक सिद्ध हो सकता है जिससे हमारी जीवनदायिनी माँ गंगा और उसकी सहायक नदियॉं भी शुद्ध और निर्मल होगी और पर्यावरण संतुलित होगा क कार्यक्रम के नोडल डॉ0 मुकेश शाह द्वारा छात्रों को इस अभियान से सतत जुड़ने और सक्रिय भागीदारी निर्वहन करने से अवगत कराया एवं महाविद्यालय परिसर को ग्रीन कैंपस, वृक्षारोपण कार्यों में अपना योगदान देने के लिए भी प्रोत्साहित किया क कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 गणेश चंद, डॉ0 तनुजा रावत, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 जय प्रकाश पंवार, डॉ0 सरिता ने भी स्वच्छता कार्यक्रम, वृक्षारोपण, जल संरक्षण एवं नयार नदी को तटों की साफ-सफाई के उपयोगिता के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया तथा कार्यक्रम मे अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 गणेश चंद, डॉ0 तनुजा रावत, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 जय प्रकाश पंवार, डॉ0 सरिता एवं कर्मचारियों में श्री महेश सिंह, श्री विजेंद्र,श्रीमती सोनी, अनुराधा, तथा महाविद्यालय के लगभग 32 छात्र- छात्रायें उपस्थित रहें।

# स्वच्छता पखवाड़ा (स्वच्छता एवं जागरूकता विषय पर गोष्ठी)




- 'गंगा स्वच्छता पखवाडा' कार्यक्रम के तहत् राजकीय महाविद्यालय, पाबौ पौड़ी द्वारा दिनांक 21 मार्च 2024 को स्वच्छता जागरूकता विषय पर एक गोष्ठी आयोजित की गई।
- कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र–छात्राओं को अपने परिवेश में निरंतर होने वाले परिवर्तनों के बारे में मन्थन करना तथा जलवायु परिवर्तन, जल श्रोतो के सरंक्षण, जैविक खेती पर जोर एवं अपने पर्यावरण को सरंक्षित रखने से अवगत कराना था।
- इस अवसर पर नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतगर्त विगत वर्ष की जनजागरूकता कार्यक्रमों की मुद्रित नमामि गंगे पत्रिका का विमोचन भी किया गया।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिषन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखण्ड के तत्वाधान में गंगा एवं इसकी सहायक नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जनमानस में व्यापक जागरूकता के दृष्टिगत आयोजित किये जा रहें 'गंगा स्वच्छता पखवाडा' कार्यक्रम के तहत् राजकीय महाविद्यालय, पाबौ पौड़ी गढ़वाल द्वारा दिनांक 21 मार्च 2024 प्राचार्य प्रो0 सत्य प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के अंतगर्त स्वच्छता जागरूकता विषय पर एक गोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्यमिता विकास संस्थान के नोडल/विशेषज्ञ श्री दीपक चौहान एवं मास्टर ट्रेनर श्रीमती साधू कल्पना, महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र–छात्रायें उपस्थित रहें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र–छात्राओं को अपने परिवेश में निरंतर होने वाले परिवर्तनों के बारे में मंथन करना तथा जलवायु परिवर्तन, जल श्रोतों के सरंक्षण, जैविक खेती पर जोर एवं अपने

पर्यावरण को सरंक्षित रखने से अवगत कराना था।साथ ही इस अवसर पर नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत विगत वर्ष 2022– 23 में महाविद्यालय स्तर पर किये गये जनजागरूकता कार्यक्रमों की मुद्रित नमामि गंगे पत्रिका का विमोचन महाविद्यालय के सरंक्षक एवं प्राचार्य प्रो0 सत्य प्रकाश शर्मा, ई0डी0आई0आई0 से मुख्य अतिथि श्री दीपक चौहान, श्रीमती साधू कल्पना, नोडल नमामि गंगे डॉ0 मुकेश शाह एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 रजनी बाला, डॉ0 गणेश चंद, डॉ0 तनूजा रावत, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 जय प्रकाश पंवार एवं डॉ0 सरिता द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री दीपक चौहान द्वारा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ को नमामि गंगे पत्रिका के विमोचन की हार्दिक बधाई प्रेषित की गई तथा अपने सम्बोधन में सभी छात्रों को स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शर्मा द्वारा इस अवसर पर कहा गया की भारत सरकार के नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत सूचना एवं प्रसार तकनीक मद में वर्ष 2022– 23 में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा कई अभिनव प्रयास किये गये, जिनका संकलन होकर पत्रिका के रूप में महाविद्यालय को आज विमोचन का अवसर प्राप्त हुआ, अतः इस अवसर को अधिक से अधिक प्रचारित करने के लिए ऑनलाइन माध्यम से प्रचार–प्रसार किया जाये जिससे अधिक से अधिक लोग जनजागरूकता कार्यक्रम से परिचित हो और अपने जीवन में स्वच्छता से संबधित नवाचार कार्य कर सके। नमामि गंगे के नोडल डॉ0 मुकेश शाह द्वारा इस अवसर पर प्राचार्य, मुख्य अतिथि, प्राध्यापकगण एवं छात्र . छात्राओं का धन्यवाद प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण में श्री महेश सिंह , श्री विजयेन्द्र,श्रीमती सोनी, अनुराधा एवं 42 छात्र–छात्रायें उपस्थित रहें।

## गोष्ठी में अतिथिगणों को बैज अलंकरण, स्मृति चिन्ह व नमामि गंगे लोगोयुक्त जूट बैग भेंट करते हुए







नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

## गोष्ठी में अतिथिगणों को बैज अलंकरण, स्मृति चिन्ह व नमामि गंगे लोगोयुक्त जूट बैग भेंट करते हुए









## वर्ष 2022– 23 में महाविद्यालय स्तर पर किये गये जनजागरूकता कार्यक्रमों की मुद्रित नमामि गंगे पत्रिका का विमोचन करते हुए







## मीडिया कवरेज

### स्वच्छता पखवाड़ा - 2024 के अंतर्गत प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय पाबौ के द्वारा नमामि गंगे पत्रिका का विमोचन



**बुलन्द वाणी संजय राजपूत**

**पाबौ।** राजकीय महाविद्यालय पाबौ, पौड़ी गढ़वाल के सभागार में दिनांक 21 मार्च 2024 प्राचार्य प्रोफे0 सत्य प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता विषय पर एक बैठक आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि उद्यमिता विकास संस्थान के नोडल/ विशेषज्ञ श्री दीपक चौहान एवं मास्टर ट्रेनर श्रीमती साधु कल्पना, महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहें क कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं को अपने परिवेश में निरंतर होने वाले परिवर्तनों के बारे में मंथन करना तथा जलवायु परिवर्तन, जल श्रोतो के सरंक्षण, जैविक खेती पर जोर एवं अपने पर्यावरण को सरंक्षित रखने से अवगत कराना था क साथ ही इस अवसर पर नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतगर्त विगत वर्ष 2022-23 में महाविद्यालय स्तर पर किये गये जनजागरूकता कार्यक्रमों की मुद्रित नमामि गंगे पत्रिका का विमोचन महाविद्यालय के सरंक्षक एवं प्राचार्य प्रोफे0 सत्य प्रकाश शर्मा, एवं क से मुख्य अतिथि श्री दीपक चौहान, श्रीमती साधु कल्पना, नोडल नमामि गंगे डॉ0 मुकेश शाह एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 रजनी बाला, डॉ0 गणेश चंद, डॉ0 तनूजा रावत, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 जय प्रकाश पंवार एवं डॉ0 सरिता द्वारा किया गया क इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री दीपक चौहान द्वारा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ को [illegible] 2022-[illegible] पत्रिका के [illegible] बधाई [illegible] अपने [illegible] छात्रों को स्वच्छता [illegible], कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया क महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे0 शर्मा द्वारा इस अवसर पर कहा गया की भारत सरकार के नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत सूचना एवं प्रसार तकनीक मद में वर्ष 2022- 23 में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा कई अभिनव प्रयास किये गये, जिनका संकलन होकर पत्रिका के रूप में महाविद्यालय को आज विमोचन का अवसर प्राप्त हुआ, अतः इस अवसर को अधिक से अधिक प्रचारित करने के लिए ऑनलाइन माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाय जिससे अधिक से अधिक लोग जनजागरूकता कार्यक्रम से परिचित हो और अपने जीवन में स्वच्छता से संबधित नवाचार कार्य कर सके क नमामि गंगे के नोडल डॉ0 मुकेश शाह द्वारा इस अवसर पर प्राचार्य, मुख्य अतिथि, प्राध्यापकगण एवं छात्र छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया क कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण में श्री महेश सिंह , श्री विजयेन्द्र, श्रीमती सोनी, अनुराधा एवं 42 छात्र छात्रायें उपस्थित रहें।

# स्वच्छता पखवाड़ा (क्विज प्रतियोगिता)




- 'गंगा स्वच्छता पखवाडा' कार्यक्रम के तहत् राजकीय महाविद्यालय, पाबौ पौड़ी द्वारा दिनांक 22 मार्च 2024 को महाविद्यालय के सभागार में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- कार्यक्रम की मुख्य थीम स्वच्छता, पर्यावरण सरंक्षण, जल श्रोतो का सवर्धन एवं नमामि गंगे कार्यक्रम थी जिसमें भरसार विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक डॉ0 दीपिका चौहान, ई0डी0आई0 आई0से मास्टर ट्रेनर साधू कल्पना द्वारा छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया।
- महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 सत्य प्रकाश शर्मा जी द्वारा सभी छात्रों को महत्वाकांक्षी कार्यक्रम नमामि गंगे स्वच्छता के साथ–साथ अपना स्थानीय स्तर पर आजीविका का साधन तैयार करने हेतु प्रेरित किया गया।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखण्ड के तत्वाधान में गंगा एवं इसकी सहायक नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जनमानस में व्यापक जागरूकता के दृष्टिगत आयोजित किये जा रहे 'गंगा स्वच्छता पखवाडा' कार्यक्रम के तहत् राजकीय महाविद्यालय, पाबौ पौड़ी गढ़वाल द्वारा दिनांक 22 मार्च 2024 को महाविद्यालय के सभागार में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य थीम स्वच्छता, पर्यावरण सरंक्षण, जल श्रोतो का सवर्धन एवं नमामि गंगे कार्यक्रम की रुपरेखा पर था। इस अवसर पर कर्यक्रम में मुख्य अतिथि भरसार विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक डॉ0 दीपिका चौहान, ई0डी0आई0आई0 से मास्टर ट्रेनर साधू कल्पना के द्वारा छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया। प्रथम क्विज प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं की चार टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमे टीम सी कुमारी कल्पना, बी0 ए0 तृतीय वर्ष की टीम ने तृतीय स्थान, टीम बी कुमारी साक्षी बी0 ए0 चतुर्थ सेमेस्टर की टीम ने द्वितीय स्थान तथा टीम अ पंकज, बी0 कॉम द्वितीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

निर्णायक मंडल में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 रजनी बाला, डॉ0 तनूजा रावत, डॉ0 सुनीता चौहान ने अपना सहयोग प्रदान किया तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सौरभ सिंह ने किया।

इसी क्रम में महाविद्यालय के सभागार में छात्र–छात्राओं को क्विज प्रतियोगिता के साथ ही अर्थ गंगा से सम्बन्धित करियर अवसरों के बारे में भी बताया गया तथा मास्टर ट्रेनर साधू कल्पना द्वारा भी गंगा बेसिन में उपलब्ध संसाधनों से सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने के लिए जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर महविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे0 सत्य प्रकाश शर्मा जी द्वारा सभी छात्रों से कहा गया कि भारत सरकार के इस महत्वाकांक्षी परियोजना से स्वच्छता एवं जन–जागरूकता के साथ–साथ अपना स्थानीय स्तर पर आजीविका का साधन तैयार करें एवं सतत विकास में अपना योगदान प्रदान करें। कार्यक्रम के नोडल डॉ0 मुकेश शाह द्वारा छात्रों को इस अभियान से सतत् जुड़ने और सक्रिय भागीदारी निर्वहन करने से अवगत कराया एवं शिक्षण कार्यों के साथ–साथ विकसित भारत के संकल्प में अपनी भूमिका का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा विजेता छात्रों को बधाई सन्देश भी दिया।

कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 रजनी बाला, डॉ0 गणेश चंद, डॉ0 तनूजा रावत, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 जय प्रकाश पंवार, डॉ0 सरिता ने महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को इस तरह के प्रतियोगिताओं में अपनी सहभागिता बढाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 गणेश चंद, डॉ0 तनूजा रावत, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 जय प्रकाश पंवार, डॉ0 सरिता एवम् कर्मचारीयों में श्री महेश सिंह, श्री विजेंद्र,श्रीमती सोनी, अनुराधा, तथा महाविद्यालय के लगभग 48 छात्र– छात्रायें उपस्थित रहे।

नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

## महाविद्यालय के सभागार में स्वच्छता, पर्यावरण सरंक्षण, जल स्रोतों का सवर्धन एवं नमामि गंगे कार्यक्रम थीम पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता









# मीडिया कवरेज

## स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय पाबौ में हुआ क्विज प्रतियोगिता एवं स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान

बुलन्द वाणी संजय राजपूत




**पाबौ।** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय, राष्ट्रीय गंगा स्वच्छ मिशन एवं राज्य परियोजना प्रबंधन नमामि गंगे देहरादून के अंतर्गत स्वच्छता पखवाडा -2024 के तहत राजकीय महाविद्यालय पाबौ में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय के सभागार में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका मुख्य थीम स्वच्छता, पर्यावरण सरंक्षण, जल स्रोतो का सवर्धन एवं नमामि गंगे कार्यक्रम की रुपरेखा पर था क इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भरसार विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक डॉ0 दीपिका चौहान, एवक्क से मास्टर ट्रेनर साधू कल्पना के द्वारा छात्र इ छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया क प्रथम क्विज प्रतियोगिता में छात्र इ छात्राओं की चार टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमे टीम सी कुमारी कल्पना, बी0 ए0 तृतीय वर्ष की टीम ने तृतीय स्थान, टीम बी कुमारी साक्षी बी0 ए0 चतुर्थ सेमेस्टर की टीम ने द्वितीय स्थान तथा टीम अ पंकज, बी0 कॉम द्वितीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया क निर्णायक मंडल में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 रजनी बाला, डॉ0 तनूजा रावत, डॉ0 सुनीता चौहान ने अपना सहयोग प्रदान किया तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सौरभ सिंह ने किया क द्वितीय कार्यक्रम में स्वच्छता जागरूकता शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्राचार्य, प्राध्यापक एवं छात्र इ छात्राओं द्वारा अपने जीवन में स्वच्छता के प्रति जन इ जागरूकता के लिए शपथ ग्रहण की क अगले क्रम में महाविद्यालय के सभागार में हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम भी चलाया गया जिसमे सभी सदस्यों के द्वारा हस्ताक्षर किये गये तथा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के माध्यम से सभी से अपील की गई कि गंगा और उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता के लिए अपना योगदान प्रदान करें। इसी क्रम में महाविद्यालय के सभागार में छात्र इ छात्राओं को करियर काउंसलिंग के अंतर्गत, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि द्वारा इस क्षेत्र में करियर बनाने के अवसरों के बारे में भी बताया गया तथा मास्टर ट्रेनर साधू कल्पना द्वारा भी गंगा बेसिन में उपलब्ध संसाधनों से सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने के लिए जानकारी प्रदान की गई क

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 सत्य प्रकाश शर्मा जी द्वारा सभी छात्रों से कहा गया कि भारत सरकार के इस महत्वाकांक्षी परियोजना से स्वच्छता एवं जन इ जागरूकता के साथ इ साथ अपना स्थानीय स्तर पर आजीविका का साधन तैयार करें एवं सतत विकास में अपना योगदान प्रदान करकरें क कार्यक्रम के नोडल डॉ0 मुकेश शाह द्वारा छात्रों को इस अभियान से सतत जुड़ने और सक्रिय भागीदारी निर्वहन करने से अवगत कराया एवं शिक्षण कार्यों के साथ इ साथ विकसित भारत के सकल्प में अपनी भूमिका का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 रजनी बाला, डॉ0 गणेश चंद, डॉ0 तनुजा रावत, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 जय प्रकाश पंवार, डॉ0 सरिता ने भी साफ इ सफाई के उपयोगिता के बारे में छात्र इ छात्राओं को अवगत कराया तथा कार्यक्रम मे अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 गणेश चंद, डॉ0 तनूजा रावत, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 जय प्रकाश पंवार, डॉ0 सरिता एवं कर्मचारीयों में श्री महेश सिंह, श्री विजेंद्र,श्रीमती सोनी, अनुराधा, तथा महाविद्यालय के लगभग 48 छात्र- छात्रायें उपस्थित रहें।

## टीम ए बनी क्विज प्रतियोगिता की विजेता

पाबौ। नमामि गंगे योजना के तहत आयोजित स्वच्छता पखवाड़े में क्विज, हस्ताक्षर अभियान व स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन भरसार विवि की वैज्ञानिक डॉ. दीपिका चौहान ने किया। प्राचार्य डॉ. सत्य प्रकाश शर्मा ने कहा कि जन जागरूकता के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर आजीविका के संसाधन विकसित हो रहे हैं।

नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश शाह ने छात्रों को अभियान से सतत जुड़े रहने व सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। मास्टर ट्रेनर साधू कल्पना ने सूक्ष्म उद्यम स्थापित किए जाने की जानकारी विस्तार से दी।

इस अवसर पर डॉ. रजनीबाला, डॉ. तनूजा रावत, डॉ. सुनीता चौहान निर्णायक रहे। संचालन डॉ. सौरभ सिंह ने किया। संवाद

# स्वच्छता पखवाड़ा (हस्ताक्षर अभियान व गंगा शपथ)




- 'गंगा स्वच्छता पखवाडा' कार्यक्रम के तहत् राजकीय महाविद्यालय, पाबौ पौड़ी द्वारा दिनांक 22 मार्च 2024 को स्वच्छता जन–जागरूकता हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया।
- कार्यक्रम का मुख्य थीम गंगा एवं उसकी सहायक नदियों की धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्वजीवित करने के उद्देश्य से स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जन –जागरूकता का प्रसार–प्रचार करना है।
- कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण में एवं 42 छात्र–छात्रायें उपस्थित रहे।

ाष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिषन, जल षक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखण्ड के तत्वाधान में गंगा एवं इसकी सहायक नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जनमानस में व्यापक जागरूकता के दृश्टिगत आयोजित किये जा रहें 'गंगा स्वच्छता पखवाडा' कार्यक्रम के तहत् राजकीय महाविद्यालय, पाबौ पौड़ी गढ़वाल द्वारादिनांक 22 मार्च 2024 को राजकीय महाविद्यालय पाबौ, पौडी गढ़वाल के सभागार में प्राचार्य प्रो0 सत्य प्रकाश शर्मा की  अध्यक्षता में उपस्थित अतिथियों, नोडल नमामि गंगे डॉ0 मुकेश शाह, छात्र–छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारीयों द्वारा स्वच्छता जन–जागरूकता हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य थीम गंगा एवं उसकी सहायक नदियों की धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्वजीवित करने के उदेश्य से स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जन –जागरूकता का प्रसार–प्रचार करना है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शर्मा द्वारा इस अवसर कहा गया कि गंगा ने वर्षों से इस धरा में जीवन यापन करने वाले मनुष्य को अपने

गर्भ से अनगिनत संसाधन प्रदान किये है लेकिन मनुष्य ने इसकी निर्मलता और शुद्धता को प्रदूषित किया अब समय आ गया है की गंगा को प्रदूषित होने से बचाना है। नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ0 मुकेश शाह द्वारा इस अवसर पर स्वच्छता जन– जागरूकता कार्यक्रम में नमामि गंगे परियोजना के वर्तमान एवं भावी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण में श्री महेश सिंह, श्री विजयेन्द्र,श्रीमती सोनी, अनुराधा एवं 42 छात्र–छात्रायें उपस्थित रहे।

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

## हस्ताक्षर के माध्यम से गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण शपथ ग्रहण करते हुए कार्यक्रम के समस्त प्रतिभागी









## हस्ताक्षर के माध्यम से गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण शपथ ग्रहण करते हुए कार्यक्रम के समस्त प्रतिभागी









## हस्ताक्षर के माध्यम से गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण शपथ ग्रहण करते हुए कार्यक्रम के समस्त प्रतिभागी









सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

## हस्ताक्षर के माध्यम से गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण शपथ ग्रहण करते हुए कार्यक्रम के समस्त प्रतिभागी






# स्वच्छता पखवाड़ा (चित्रकला प्रतियोगिता)



- 'गंगा स्वच्छता पखवाडा' कार्यक्रम के तहत् राजकीय महाविद्यालय, पाबौ पौड़ी द्वारा दिनांक 23 मार्च 2024 को भागवत मोंटेष्वरी जूनियर हाई स्कूल कोटा पाबौ पौड़ी गढ़वाल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- कार्यक्रम के तहत् भागवत मोंटेश्वरी जूनियर हाई स्कूलमें 5वी एवं 7वी कक्षा के छात्र–छात्राओं के मध्य स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं गंगा स्वच्छताथीमपर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई। इस अवसर पर भागवत मोंटेश्वरी जू0 हा0
- स्कूल पाबौ के प्रधानाचार्य श्री कवेंद्र नेगी जी द्वारा नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतगर्त नदियों की स्वच्छता के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिषन, जल षक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखण्ड के तत्वाधान में गंगा एवं इसकी सहायक नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जनमानस में व्यापक जागरूकता के दृश्टिगत आयोजित किये जा रहें 'गंगा स्वच्छता पखवाडा' कार्यक्रम के तहत् राजकीय महाविद्यालय, पाबौ पौड़ी गढ़वाल द्वारा दिनांक 23 मार्च 2024 को भागवत मोंटेश्वरी जूनियर हाई स्कूल कोटा पाबौ पौड़ी गढ़वाल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भागवत मोंटेश्वरी जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाचार्य श्री कवेंद्र नेगी के द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में स्कूल के आध्यापकों द्वारा 5वीं एवं 7वीं कक्षा के छात्र–छात्राओं को स्वच्छता, पर्यावरण एवं गंगा की शुद्धता पर आधारित थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई जिसमे लगभग 32 छात्रों ने प्रतिभाग किया और प्रतियोगिता के उपरांत प्रथम तीन सर्वश्रेष्ट विजेता छात्रों में कुमारी अनुष्का को तृतीय स्थान, कुमारी आरुशी को द्वितीय स्थान एवं कुमारी आराध्य को प्रथम

स्थान से पुरष्कृत किया गया।

इस अवसर पर भागवत मोंटेश्वरी जू0 हा0 स्कूल पाबौ के प्रधानाचार्य श्री कवेंद्र नेगी ने छात्रों को नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता, साफ–सफाई, वृक्षारोपण, जल– स्रोतों का सरंक्षण एवं गंगा नदी की सफाई के बारे में जागरूक किया तथा उनके द्वारा राजकीय महाविद्यालय पाबौ के प्राचार्य प्रो0 सत्य प्रकाश शर्मा एवं नोडल, नमामि गंगे डॉ0 मुकेश शाह का धन्यवाद भी प्रेषित किया और कहा कि महाविद्यालय के सहयोग से ही यह कार्यक्रम सम्पन्न हो सका। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यापकों द्वारा भी अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम का पूर्ण प्रबन्धन नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ0 मुकेश शाह द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के सहायक अध्यापक श्री सुभाष चमोली, श्रीमती गीता, श्रीमती आशा चौहान, श्रीमती निर्मला रावत एवं 48 छात्र–छात्रायें उपस्थित रहे।

## स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता थीम पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए भागवत मोंटेश्वरी जूनियर हाई स्कूल के छात्र–छात्राएं












## मीडिया कवरेज

# स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय पाबौ के सहयोग से पेंटिंग्स प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द वाणी संजय राजपूत

**पौड़ी गढ़वाल पाबौ।**,नमामि नम गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता पखवाडा -2024 के तहत राजकीय महाविद्यालय पाबौ के द्वारा निकटतम विद्या भागवत मांटिसरी जू0 हा0 स्कूल कोटा पाबौ के छात्र झ छात्राओं द्वारा भारत सरकार के इस अभियान में अभिनय प्रयास के साथ स्वच्छता, जलवायु परिवर्तन, कूड़ा कचरे का निपटान एवं गंगा माँ की निर्मल धारा के प्रवाह के उद्देश्य से अपने विद्यालय में पेंटिंग्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे कक्षा 5वी से 7वी के छात्र- छात्राओं द्वारा मनमोहक पेंटिंग्स का प्रस्तुतीकरण किया गया क इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान अराध्य, द्वितीय स्थान आरुषी तथा तृतीय स्थान अनुष्का ने प्राप्त किया जिन्हें नमामि गंगे के द्वारा पुरस्कृत किया गया कइस



अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कवेंद्र नेगी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा उनके द्वारा अपने छात्र झ छात्राओं को स्वच्छता एवं साफ झ सफाई के महत्व के बारे में भी अवगत कराया गया क राजकीय महाविद्यालय पाबौ के नमामि गंगे नोडल डॉ0 मुकेश शाह द्वारा इस कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई तथा भागवत मांटिसरी जू0 हा0 स्कूल कोटा पाबौ के प्रधानाचार्य श्री नेगी के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य न केवल अपने महाविद्यालय में भारत सरकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना है बल्कि आस झ पास के विद्यालयों में भी इन कार्यक्रमों का समन्वय स्थापित कर आयोजन करना है ताकि व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार हो सकें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे0 सत्य प्रकाश शर्मा जी द्वारा भागवत मांटेसरी जू0 हा0 स्कूल कोटा पाबौ के प्रधानाचार्य, आध्यापक एवं सभी छात्रों को बधाई और शुभ कामना सन्देश प्रेषित किया गया तथा इस महत्व पूर्ण कार्यक्रम में सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम में भागवत मांटेसरी जू0 हा0 स्कूल कोटा पाबौ के सहायक आध्यापक श्री सुभाष चमोली , श्रीमती गीता, श्रीमती आशा चौहान, श्रीमती निर्मला रावत एवं 48 छात्र झ छात्रायें उपस्थित रहें।